प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के अन्तर्गत हैल्दी प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 07 जून 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में कम्यूनिटी साइंस डिग्री प्रोग्राम के अन्तर्गत स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग एवं अन्य विभागों के अंतिम वर्ष के 12 से 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम खाद्य एवं पोषण में आयोजित किया गया, जिसमें बी.एस.सी. कम्यूनिटी साइंस (चतुर्थ वर्ष) की 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। द्वितीय षट्मास में चलने वाले एक्सपीरिन्शियल लर्निंग इन डाइट एण्ड न्यूट्रिशन काउंसलिंग के इस छः माह के पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 'हैल्दी प्रोडक्ट डेवलपमेंट' विषय पर नौ–दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों ने प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन बनाये एवं उनका विक्रय किया। यह कार्यक्रय प्राध्यापक, डा. अनुराधा दत्ता; डा. नीतू डोभाल एवं डा. अर्चना कुशवाहा के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन 2 जून 2022 को विभाग में आयोजित किया गया, जिसमें माननीय अतिथि अधिष्ठाता, कृषि एवं प्रबंधन महाविद्यालय, डा. आर.एस.जादौन, मुख्य अतिथि अधिष्ठात्री गृहविज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल एवं महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये व्यंजनों की पुस्तिका 'सिप एण्ड स्नैक' का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तिका में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न व्यंजनों की विधियाँ और उनके स्वास्थ्य संबन्धित लाभ का वर्णन किया गया है।

.हैल्दी प्रोडक्ट डेवलपमेंट विषय पर जानकारी देते अतिथिगण।